**अग्निकांड** | मची अफरा-तफरी, फायर ब्रिगेड ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

# भूसा गोदाम में भीषण आग, धुएं से एक कर्मचारी बेहोश



**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम कैथरा में गुरूवार को को एकभूसा गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। इस घटना में गोदाम में काम कर रहा एक कर्मचारी धुएं के कारण बेहोश हो गया, जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग से भूसा धूं-धूंकर जलने लगा। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मामले की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बादआग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार कैथरा में नीलेश पटेल का भूसे का गोदाम है। गुरूवार सुबह गोदाम में रोजाना की तरह कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान वहां रखी प्रेशर मशीन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। मशीन से निकली चिंगारी सूखे भूसे के ढेर पर जा गिरी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना सुबह 11:24 बजे फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही कटंगी और पाटन से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुँचीं। गोदाम में भूसा होने के कारण आग तेजी से फैलती गई और धुआं छा गया। दमकल कर्मियों को आग पर पूरी तरह काबू पाने में लगभग 5 घंटे का समय लगा। आग बुझाने और सामान बाहर निकालने की कोशिश के दौरान वहां मौजूद एक कर्मचारी धुएं की चपेट में आ गया। ऑक्सीजन की कमी और दम घुटने के कारण वह मौके पर ही बेहोश हो गया। सहयोगियों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है।

### सूखी झाड़ियों में लगी आग

नया गांव स्थित सूखी झाड़ियों में गुरूवार दोपहर सवा तीन बजे आग लग गई। मामले की सूचना तत्काल नगर निगम फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।



## एसबीसी चुनाव : दो दिन में 94 उम्मीदवार आये सामने

**जबलपुर।** स्टेट बार कांउसिल ऑफ मध्य प्रदेश के चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कुल 46 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। दो दिनों में कुल 94 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। जबलपुर से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, डॉ प्रशांत मिश्रा, ज्योति राय, अमन शर्मा, नवीन शुक्ला व अन्य ने अपनी दावेदारी पेश की है। शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है। नाम वापसी होने के बाद सभी नामांकन प्रपत्रों की जांच की जाएगी। स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। मतदान 12 मई को होना है।

## महाकौशल हाट बाजार में जैविक सब्जी बाजार की शुरुआत



प्रत्येक गुरुवार को नागरिक खरीद सकेंगे रसायन मुक्त ताजी सब्जियां

**नवभारत,जबलपुर।** जैविक खेती को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण क्षेत्र की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित रसायन मुक्त फल-फूल और सब्जियों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य रेल सौरभ कॉलोनी कांचघर रोड स्थित महाकौशल संभागीय हाट बाजार में गुरुवार से साप्ताहिक जैविक सब्जी बाजार के आयोजन की शुरुआत की गई। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत के निर्देश पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के सहयोग से ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित इस बाजार में बड़ी संख्या में पहुंचे जैविक उत्पादों के मुरीद नागरिकों ने ताजी, शुद्ध और रसायन मुक्त सब्जियों की खरीदारी की और इसके आयोजन की सराहना की।

### सीधे खेतों से निकलकर सब्जियां उपलब्ध

महाकौशल संभागीय हाट बाजार में साप्ताहिक जैविक सब्जी बाजार की शुरुआत पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम भी मौजूद थे। मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक अंजुला झा ने बताया कि महाकौशल हाट बाजार में प्रत्येक गुरुवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक जैविक सब्जियां उपलब्ध रहेंगी। इस बाजार का मुख्य आकर्षण ग्रामीण क्षेत्र के स्व-सहायता समूह की महिलाओं के रसायन रहित उत्पाद हैं, जो सीधे खेतों से निकलकर जैविक सब्जियों के रूप में उपलब्ध रहेंगे।

### सीईओ ने भी सपरिवार पहुंचकर की खरीदारी

जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने भी सपरिवार पहुंचकर जैविक सब्जी बाजार से सब्जियों की खरीदारी की। इस अवसर पर श्री गहलोत ने स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध आहार को आवश्यक बताया। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में जैविक सब्जी बाजार पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि जैविक उत्पादों का यह बाजार लोगों को न केवल प्रकृति के करीब होने का अनुभव करायेगा, बल्कि यहां उपलब्ध रसायन मुक्त सब्जियाँ उनसे बीमारियों को दूर रखने में भी मददगार होंगी।

## महंगाई और गैस संकट ने आम जनता का जीना किया मुश्किल : एनएसयूआई



**नवभारत,जबलपुर।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने स्थापना दिवस के अवसर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। रानीताल चौक से भाजपा कार्यालय तक कार्यकर्ताओं ने अर्थी जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ जन आक्रोश व्यक्त किया।

इस प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल ने किया। देवकी पटेल ने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि महंगाई और गैस संकट ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। उनके अनुसार, हर घर की रसोई प्रभावित हो रही है और विशेष रूप से महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना कर रही हैं।

देवकी पटेल ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित है, लेकिन जिम्मेदार लोग मौन बने हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अब जनता जाग चुकी है और अन्याय को सहन नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल राहत देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी देखने को मिली। हालांकि स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया।

# कत्ल कर महानदी में फेंकी थी लाश, दो गिरफ्तार

**अवैध संबंधों के शक में डेयरी कर्मचारी की हुई थी हत्या**



**जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत खिरवा महानदी महुआई घाट में डेयरी कर्मचारी की अवैध संबंध के शक में हत्या हुई थी। आरोपियों ने हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने के इरादे से शव को नदी में फेंका था। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक मिंटू उर्फ दिलीप परियट में लालचंद डेरी में काम कर रहा था एवं वहीं पर रहता था डेरी में काम करने वाली महिला से दिलीप के संबंध थे 29 मार्च को मिंटू जवारा देखने के लिये महिला के घर दियागढ़ गया था। शाम को महिला के रिश्तेदार अजीत उर्फजित्तू धुर्वे एवं कैलाश सिंह परस्ते के साथ शराब पिया था अजीत उर्फजित्तू धुर्वे एवं कैलाश सिंह के द्वारा महिला से मिन्टू उर्फ दिलीप के संबंध की बात को लेकर मिंटू उर्फदिलीप के साथ मारपीट कर मिंटू उर्फदिलीप की हत्या करने के बाद हत्या छिपाने की नियत से मिंटू उर्फ दिलीप का शव ग्राम खिरवा महानदी महुआई घाट नदी के पानी में फेंक दिया।

### तीन माह से नहीं गया था घर, 29 मार्च से था गायब

पुलिस के मुताबिक सात अप्रैल को मुकेश कुमार पटेल 50 वर्ष निवासी दोनी, मझौली ने सूचना दी कि उसका बड़ा बेटा मिंटू उर्फदिलीप पटेल 24 वर्ष परियट में लालचंद डेरी में लगभग 8 वर्ष से काम कर रहा है था और डेरी में ही रहता था। दिलीप पटैल लगभग 3 माह से घर नहीं आया था। डेरी मालिक दीपक सेठ ने फोन कर उसके बेटे विकास पटेल को बताया कि 29 मार्च को सुबह लगभग 11 बजे डेरी से चिंटू उर्फ दिलीप पटेल जवारा देखने गोसलपुर जुझारी जाने की कहकर गया था जो अभी तक नहीं आया। इसके बाद मामले की शिकायत सात अप्रैल को थाने में की गई थी।

### ढीमरखेड़ा में दर्ज थी गुमशुदगी

परिजनों को मिंटू के टीमरखेड़ा जाने की जानकारी लगी इसके बाद मिन्टू की तलाश करते हुये परिजन महिला को साथ लेकर थाना ढीमर खेड़ा पहुंचे जहां गुमशुदगी दर्ज कराई। मुकेश अपने बेटे की तलाश आसपास महानदी के पास करते रहे। सात अप्रैल को को दोपहर में महानदी महुआई घाट के किनारे पानी में बेटे मिन्टू उर्फदिलीप पटेल का शव उतराता मिला। जांच के बाद अजीत धुर्वे एवं कैलाश सिंह परस्ते को हिरासत में लिया गया।

## एक नजर में



### 150 गुमे मोबाइल सायबर सेल ने ढूंढ निकाले

**जबलपुर ।** सायबर सेल टीम द्वारा 150 गुम मोबाईल कीमती लगभग 50 लाख रूपये के ढूंढ निकाला। जिन्हें गुरूवार को पुलिस ने मोबाइल धारकों को वापिस किए तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा गुम हुए 150 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है को ट्रेस कर संबंधित धारकों को सुपुर्द किए गए। एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि आपका मोबाइल फोन गुम हो गया है, तो उसकी शिकायत संबंधित थाने में करें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि सतर्क रहें, अज्ञात कॉल या लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और सायबर अपराधों से बचने के उपायों का पालन करें।


### फाइनेंस कर्मी से मारपीट, नकदी, सामान पार

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अंतर्गत अमेरा मोड़ के पास फाइनेंस के एक फील्ड वर्कर के साथ तीन अज्ञात बदमाशों ने मारपीट की, बल्कि उसका कलेक्शन बैग, मोबाइल और नगदी भी पार कर दिया। पुलिस के मुताबिक तुलसीराम रजक 26 वर्ष, निवासी ग्राम देवरी समनापुर पिछले दो वर्षों से भारत फाइनेंस की कुण्डम शाखा में कार्यरत हैं वे मनेरी क्षेत्र से लोन धारकों से कलेक्शन कर वापस लौट रहा था तभी शाम करीब 7:30 बजे जब ग्राम जमगांव और अमेरा के बीच एक मोड़ पर सड़क पर पहले से खड़ी एक मोटरसाइकिल से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर होते ही वहां मौजूद तीन अज्ञात युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। तीनों आरोपियों ने एक राय होकर लात-घूंसों और पत्थरों से उसे पीटा, जिससे उनके सिर और बाएं कंधे पर गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। मारपीट के दौरान तुलसीराम का बैग, जिसमें कलेक्शन के पैसे, टैब, बायोमैट्रिक मशीन, चार्जर और मोबाइल था, वहीं गिर गया। साथ ही उनके पर्स से 4000 रुपये और जरूरी दस्तावेज भी गायब हैं। पीड़ित को शंका है कि मारपीट करने वाले तीनों युवक ही उनका कीमती सामान और नगदी लेकर चंपत हो गए हैं। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि अगर पुलिस के पास गए, तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

### ऑपरेशन मुस्कान : 8 घंटे में दस्तयाब की गईं घर से लापता दो नाबालिग बहनें

**जबलपुर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत बेलखेड़ा पुलिस ने घर से बिना बताए निकली दो नाबालिग सगी बहनों को महज 8 घंटे के भीतर सुरक्षित ढूंढ निकाला और उन्हें उनके माता-पिता के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी लवकेश उपाध्याय ने बताया कि ग्राम गुबरा कला निवासी युवक ने ने सूचना दी कि उनकी दो नाबालिग बेटियां घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर खोजबीन की। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां पता किया लेकिन जब कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो वे थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज छानबीन शुरू की। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस टीम ने रिपोर्ट दर्ज होने के मात्र 8 घंटे के भीतर दोनों बहनों का सुराग खोज लिया और पुलिस ने दोनों बालिकाओं को चरगवां क्षेत्र के ग्राम मुरकटिया से सकुशल दस्तयाब किया। थाना परिसर में जब दोनों बेटियों को उनके परिजनों सुपुर्द किया गया, तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

## जबलपुर मंडल द्वारा किया गया आरपीएफ कर्मचारियों का सम्मान




**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल जबलपुर मंडल को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आरपीएफ टीम ने विभिन्न राज्यों में वांछित एक अंतर्राज्यीय शातिर आदतन अपराधी को सतर्कता, साहस एवं उत्कृष्ट पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में गुरुवार 09 अप्रैल को आरपीएफ जवानो द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु टीम को डीआरएम कमल कुमार तलरेजा द्वारा सम्मानित किया गया। डीआरएम जबलपुर द्वारा निरीक्षक राजीव खरब, उप निरीक्षक अरविंद, कांस्टेबल विनय मौर्य और आशीष यादव को सम्मानित किया गया इस मौके पर प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर कमल कुमार तलरेजा, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, जबलपुर मो. मुनव्वर खान, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) राहुल जयपुरियार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मधुर वर्मा तथा अन्य शाखा के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### यह था मामला

बता दे कि 06 अप्रैल को प्रातः कालीन निवारक ड्यूटी के दौरान सिहोरा रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ स्टाफ ने लगभग 04:50 बजे ट्रेन संख्या 11753 से ऑफ-साइड उतरकर संदिग्ध परिस्थितियों में स्टेशन परिसर से भागने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को देखा था संदेह होने पर आरपीएफ कर्मियों ने तत्काल उसका पीछा किया। गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से आरोपी पास स्थित बाजार क्षेत्र के निकट एक तालाब में कूद गया। आरपीएफ स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय पुलिस से समन्वय स्थापित किया तथा गोताखोरों की सहायता से संयुक्त प्रयास कर आरोपी को सुरक्षित बाहर निकालकर उसे गिरफ्तार किया गया था। आरोपी की पहचान हरविंदर सिंह 32 वर्ष, पिता सुरिंदर सिंह, निवासी मोहल्ला खेड़ा, वार्ड नं. 24, मकान नं. 20 थाना हल्दौर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई थी जो एक आदतन अपराधी है।



## अवैध गतिविधियों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में संचालित अवैध गतिविधियों के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसियों ने थाने का घेराव किया। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद शराब दुकानों के आसपास खुलेआम शराब पिलाने की व्यवस्था संचालित हो रही है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इस पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की मांग की गई। इसके साथ ही चेकिंग अभियान चलाने की,नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की और सीएसपी गोरखपुर को संजीवनी नगर थाने में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सचिन वाजपेई, ब्लॉक अध्यक्ष सलिल चौकसे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष नितिन सिंह, शादाब मंसूरी, शैलेश शुक्ला, श्रीकांत विश्वकर्मा, श्रेष्ठा ठाकुर, मेवा लाल पटेल, नीलेश मेहर, करण तामसेतवार, सचिन रजक, मोहित प्यासी, रोशन आनंद, विक्रम सिंह अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शराब दुकान सेल्समैन पर हमला, गाड़ियों में तोड़फोड़

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत एलआईसी ऑफिस के सामने स्थित शराब दुकान में घुसकर तीन बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। सेल्समैन के साथ मारपीट की, बल्कि 50,000 की रंगदारी मांगते हुए दुकान में खड़ी गाड़ियों और शटर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गुप्तेश्वर गोरखपुर निवासी अखिल पाण्डे (35) एलआईसी के सामने वाली शराब दुकान में सेल्समैन हैं, बीती रात करीब 11:20 बजे वह अपने साथी सेल्समैन विपिन राय के साथ दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान क्षेत्र के कुख्यात बदमाश मोंटू दुबे, गप्पू दुबे और विक्की ठाकुर बेसबॉल के डंडे लेकर वहां आ धमके। आरोपियों ने आते ही सेल्समैन से 50,000 की मांग की। बदमाशों ने धमकी देते हुए कहा, अगर दुकान चलाना है तो पैसे देने होंगे, पिछले ठेकेदार से भी हम पैसे लेते रहे हैं। पैसे नहीं दिए तो दुकान नहीं चलने देंगे और जान से मार देंगे। जब सेल्समैन ने पैसे देने और गाली देने से मना किया, तो बदमाशों ने आपा खो दिया। मोंटू दुबे ने बेसबॉल के डंडे से हमला कर विपिन राय को घायल कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने दुकान के बाहर खड़ी 4-5 गाड़ियों पर डंडे बरसाए और बियर की बोतलें फेंककर तोड़फोड़ की। इस हमले में दुकान का शटर भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे करीब 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

# पेट्रोल टैंकर से गांजे की तस्करी का भंडाफोड़

**20 किलो गांजा जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार**



**जबलपुर।** खितौला पुलिस और क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर एक नीले रंग के डीजल-पेट्रोल टैंकर को पकड़ा, जिसमें शातिर तरीके से अवैध गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था। इस कार्रवाई में 20 किलो गांजा 10 लाख रुपए का जब्त किया गया है।

खितौला थाना प्रभारी रमन सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि शहडोल की ओर से एक डीजल पेट्रोल टैंकर क्रमांक एमपी 18 एच 5408 में अवैध मादक पदार्थ लेकर जबलपुर की तरफ आ रहा है। सूचना पर टीम ने तत्काल पान उमरिया रोड स्थित बिजली ऑफिस के सामने नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहन का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद जब बताए गए हुलिए का नीला टैंकर वहां पहुंचा, तो पुलिस ने उसे रोक लिया। चालक और केबिन में बैठे व्यक्तियों से पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान केबिन में रखे एक बोरे और चैन वाले बैग से कुल 20 पैकेट बरामद हुए, जिनमें गांजा भरा था। तौल करने पर गांजे का कुल वजन 20 किलोग्राम निकला। पुलिस ने मौके से देवराज यादव (39) निवासी ग्राम रौसरा, थाना चुरहटा, जिला रीवा, महेंद्र कुमार पटेल (34) निवासी सिमरा, थाना जयसिंह नगर, जिला शहडोल,बिनोद कुमार यादव (34) निवासी ग्राम रघुनाथपुर, थाना रामपुर बघेलान, जिला सतना को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 20 किलो गांजा, तस्करी में प्रयुक्त टैंकर, मोबाइल फोन और नगद राशि जब्त की है। अब पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह खेप कहां पहुंचाई जानी थी और इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।

**अतिक्रमण** | अतिक्रमण की भेंट चढ़े फुटपाथ

# फुटपाथ पर बिखरा दुकानों का सामान



**जबलपुर, नवभारत।** शहर की सड़कें दिन ब दिन सिकुड़ती जा रही हैं। चौड़ी चौड़ी सड़कों के किनारे बने फुटपाथ अब गायब हो चुके हैं और पैदल चलने वाले हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसकी तस्वीर रामपुर चौक से शक्ति नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर रोजाना देखने को मिल रही है। यहां सड़को के किनारे बने फुटपाथो पर दुकानों का सामान सजाया जा रहा है। पहले तो ये दुकानें यहां अतिक्रमण कर संचालित की जा रही है। इसके अलावा फुटपाथों पर भी अवैध कब्जा किया जा चुका है। क्षेत्र में बनी कॉलोनियों से स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए अब फुटपाथ नहीं बचे हैं वही बुजुर्गों के लिए सुबह की सैर मुश्किल हो गई है। शहर की लगभग हर सड़को के किनारे यही कहानी और दास्तां हैं।

### प्राइवेट स्पेस बने फुटपाथ

नियमों को ताक पर रखकर धडल्ले से सार्वजनिक फुटपाथ अब प्राइवेट स्पेस बना दिए गए हैं। यानी पब्लिक के चलने का अधिकार भी छीन लिया गया। सिर्फ रामपुर मार्ग में ही नहीं नवभारत द्वारा की गई पड़ताल में देखा गया कि शहर के ज्यादातर फुटपाथ अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। निराशा के साथ कहना बताना पड़ रहा है कि जहां-जहां नवभारत टीम गई, वहां ज्यादातर फुटपाथ या तो टूटे हुए थे, या फुटपाथ पर कब्जा हो चुका था वही कहीं पर पार्किंग बना रखी थी, तो कहीं रेहड़ी ठेले वाले अवैध दुकान लगाए बैठे हुए थे।

# अवैध मयखाने में नाबालिग परोस रहा था शराब

**पुलिस की घर में दबिश, मिला शराब का जखीरा, मिलीं तलवारें, चार गिरफ्तार**



**जबलपुर ।** गोरखपुर पुलिस ने एक घर में दबिश दी जहां खिड़की के पीछे से अवैध मयखाना चल रहा था। इस कार्रवाई में पुलिस ने शराब परोस रहे एक 15 वर्षीय किशोर सहित चार लोगों को पकड़ा है। मौके से भारी मात्रा में देसी शराब और धारदार तलवारें बरामद की गई हैं। थाना प्रभारी गोरखपुर नितिन कमल ने बताया कि कुम्हार मोहल्ला स्थित कैलाश चक्रवर्ती उर्फ बड़ा कैलाश के घर घेराबंदी की गई वहां का नजारा देख पुलिस भी दंग रह गई घर के बाहर बरामदे में दो व्यक्ति खुलेआम शराब पी रहे थे, जिन्हें एक 15 वर्षीय बालक शराब परोस रहा था। पुलिस जब वहां पहुँची, तो घर का दरवाजा खुला था। बरामदे में मुकेश राजभर (37) और योगेश बैश्य (54) बैठकर शराब पी रहे थे। खिड़की के पीछे से एक 15 वर्षीय बालक उन्हें शराब परोस रहा था। पुलिस ने जब नाबालिग को हिरासत में लेकर तलाशी ली, तो उसके पास मौजूद थैले से 23 पाव देसी शराब और बिक्री के 520 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में किशोर ने खुलासा किया कि वह मुख्य आरोपी बड़ा कैलाश के लिए 250 रुपये प्रतिदिन की दिहाड़ी पर शराब बेचने का काम करता है। कैलाश खुद घर में शराब का स्टॉक रखता था और बालक से उसकी बिक्री करवाता था।

### पिता फरार, बेटे के पास मिले हथियार

कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी बड़ा कैलाश फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने घर के अंदर कमरे में मौजूद उसके बेटे शिवा चक्रवर्ती (20) को दबोच लिया। शिवा एक प्लास्टिक की बोरी छिपाने की कोशिश कर रहा था, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से 4 तलवारें और एक बकानुमा तलवार बरामद हुई।

### शिवा का अपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी शिवा चक्रवर्ती एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से ही अवैध वसूली, मारपीट और आबकारी एक्ट के 7 गंभीर मामले दर्ज हैं।